हरिभूमि
# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

04 अचानक निरीक्षण में कलेक्टर श्रोत्रिय...

09 डीन बोले कहां से दें वेतन, बजट नहीं सीएमएचओ...




## खबर संक्षेप

### शिवसेना करेगी अखाड़ा काली कमेटियों का स्वागत

**सागर।** शिवसेना संगठन दशहरा चल समारोह पर कटरा बाजार में मार्शल आर्ट अखाड़ा, श्री नव दुर्गा झांकी प्रतियोगिता आयोजित कर अखाड़ा के उस्तादों, एवं काली कमेटियों के अध्यक्ष का स्वागत करेगी। शिवसेना प्रदेश उप प्रमुख पप्पु तिवारी ने बताया कि प्रति वर्ष की परंपरा अनुसार शिवसेना संगठन इस वर्ष भी 2 अक्टूबर दशहरा चल समारोह पर रात्रि 9 बजे से बुंदेली संस्कृति के प्रतीक अखाड़े के नौजवानों को प्रोत्साहित करने कार्यक्रम आयोजित होगा।

### गांधी एवं शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस चलाएगी स्वच्छता अभियान

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि अहिंसा दिवस पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जन्म जयंती के उपलक्ष्य में गौर मूर्ति पर भावपूर्ण आदरांजली देने तथा स्वच्छता अभियान चलाने का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए कमलेश तिवारी ने समस्त कांग्रेस जनों से उपस्थित होने की अपील की है।

### उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**सागर।** आर्सेटी सागर में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत कृषक सहयोग संस्थान एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से दस दिवसीय दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सामान्य उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर सागर के श्याम तिवारी, डिप्टी कलेक्टर रजत सोनी, आर्सेटी निदेशक गायत्री एवं समस्त टीम उपस्थित रहे।

### उचित मूल्य दुकानों की की जा रही जांच

**सागर।** कलेक्टर सागर संदीप जी आर के निर्देश पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकानों की जांच की जा रही है। इसी क्रम में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रहली द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान गाँधी भंडार गढ़ाकोटा की जाँच कर प्रकरण निर्मित कर अनुविभागीय अधिकारी रहली को प्रतुस्त किया गया जिसमे विक्रेता फीरोज खान व सहायक विक्रेता अवेश खान द्वारा 3 माह के वितरण के स्थान पर 2 माह का वितरण किया जाना पाया गया व खाद्यान्न के अपयोजन करने के कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के उपबंधों स्पष्ट उल्लंघन व आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही करते हुए अपयोजित राशि कुल राशि 277150 की वसूली हेतु विक्रेता फीरोज खान व सहायक विक्रेता अवेश खान को अनुविभागीय अधिकारी रहली द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।

### क्षत्रिय समाज का दशहरा मिलन समारोह 6 अक्टूबर को

**सागर।** क्षत्रिय समाज जिला सागर द्वारा 6 अक्टूबर को दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह में जिले के समस्त स्वजातीय बंधुओं को सादर आमंत्रित किया जा रहा है। पूर्व में दशहरा मिलन समारोह की तारीख 4 अक्टूबर तय की गई थी परंतु कतिपय कारणवश इसमें संशोधन किया गया अब दशहरा मिलन समारोह आगामी 6 अक्टूबर दिन सोमवार को आयोजित होगा। कार्यक्रम के आयोजक, क्षत्रिय समाज जिला सागर के कार्यवाहक अध्यक्ष हरिराम सिंह ठाकुर और संयोजक कृष्णा सिंह महुआखेड़ा ने बताया कि इस बैठक में प्रदेश के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत भी शामिल होंगे। समाज ने एकजुटता और सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया। दशहरा मिलन समारोह में आपसी भाईचारे को और मजबूत करने के साथ-साथ समाज के विकास से जुड़े मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया जाएगा।

## 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत में विशेष ग्राम सभा व विजयदशमी मिलन समारोह आयोजित होंगे

# भावांतर योजना 3 अक्टूबर से ई-उपार्जन पोर्टल पर प्रारंभ होंगे पंजीयन: सोयाबीन विक्रय का पूरा लाभ लेंगे अन्नदाता: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में प्रारंभ की जा रही भावांतर योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक अमले को दायित्व दिए गए हैं साथ ही उन्हें निर्देशित किया गया है कि इस योजना की विशेषताओं को प्रत्येक स्तर पर प्रचारित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिले। योजना की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के लिए सांसद, विधायक एवं अन्य जन प्रतिनिधियों का सहयोग लें। सोयाबीन को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार किसानों को उनके उत्पादन का मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस तरह धान और गेहूं पर किसानों को उनके परिश्रम की कीमत दिलवाने का कार्य किया गया है, उसी तरह सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी लाभ दिलवाया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी कृषि उपज मंडियों में होर्डिंग्स एवं पंजीयन केंद्र पर बैनर के माध्यम से योजना की जानकारी दी जाएगी। किसानों एवं व्यापारियों के ग्रुप पर एसएमएस के माध्यम से पंजीयन की अनिवार्यता एवं अंतिम तिथि के बारे में जानकारी भेजी जाएगी। सभी मंडियों में भावांतर सहायता डेस्क स्थापित किये जायेंगे। प्रत्येक मंडी हेतु एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करे, योजना के दुरुपयोग को रोकने हेतु व्यापारी के स्टॉक की उपलब्ध रियल टाइम जानकारी का समय समय पर सत्यापन, मॉडल रेट की सतत निगरानी जिससे कि अनावश्यक गिरावट न हो। भावांतर योजना के तहत खरीदी किये गए सोयाबीन का भुगतान बैंक खातों में सुनिश्चित करना। कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलवाने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी नहीं होना चाहिए। हितग्राही को सीधा लाभ मिलना चाहिए। सभी के प्रयासों से भावांतर योजना पूर्णता सफल होगी।

### 3 अक्टूबर से शुरू होंगे पंजीयन

भावांतर योजना के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन का कार्य 3 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर तक चलेगा। भावांतर की अवधि 24 अक्टूबर से 15 जनवरी तक रहेगी। पंजीकृत कृषक और उनके रकबे के सत्यापन की प्रक्रिया राजस्व विभाग के माध्यम से होगी। किसानों के भावांतर की राशि पंजीयन के समय दर्ज बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

### भावांतर योजना, एक नजर में

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत अधिसूचित तिलहनी फसल के लिए भावांतर योजना वर्ष 2018-19 से लागू की गई है। भारत सरकार ने घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव/विक्रय मूल्य अंतर की राशि कृषकों को दिलवाने का प्रावधान किया है। किसान पूर्व की तरह अपनी उपज मंडियों में बेचेंगे। एमएसपी और मंडी का मॉडल भाव/विक्रय मूल्य के बीच के अंतर की राशि का किसान को डीबीटी से भुगतान किया जायेगा। किसान द्वारा ई-पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य होगा। उदाहरण के लिए किसान का उत्पादन मॉडल भाव 4600 रूपए पर हुआ है तो समर्थन मूल्य 5328 में से शेष अर्थात भावांतर राशि 628 रूपए प्रति क्विंटल राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। किसान को समर्थन मूल्य बराबर ही राशि प्राप्त होगी। यदि किसान की उपज का विक्रय मूल्य एमएसपी से कम है परंतु राज्य के औसत मॉडल प्राइज के समतुल्य है, ऐसी स्थिति में भी किसान को एमएसपी और बिक्री मूल्य के भावांतर की राशि प्रदान की जाएगी। तीसरी स्थिति में कृषि उपज का विक्रय मूल्य राज्य के औसम मॉडल प्राइस से कम होने की दिशा में किसान को एमएसपी और घोषित औसत मॉडल प्राइस के भावांतर की राशि प्रदान की जाएगी। प्रत्येक स्थिति में किसान भाई का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा, किसान भाई पंजीयन समिति स्तर पर स्थापित पंजीयन केंद्र ग्राहक सेवा केंद्र एमपी ऑनलाइन ,एमपी किसान ऐप पर कर सकते हैं।

सभी आवश्यक व्यवस्था की जाएं। संबंधित अधिकारी किसानों का हित निश्चित करें। जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जाएगी। किसानों को सही दाम मिले, इसकी मॉनिटरिंग हो। पात्र किसान समय पर पंजीयन करवा लें जिससे पात्र किसान लाभ से वंचित न रहें।



## पुरानी रंजिश पर युवक पर चाकू से हमला पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा थाना क्षेत्र में आधी रात एक चौंकाने वाली वारदात सामने आई। पुराने विवाद की रंजिश में एक युवक को छुरों से हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना गढ़ाकोटा थाना अंतर्गत ग्राम मोठार नायक की बताई जा रही है। मंगलवार देर रात पीड़ित युवक अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से गांव लौट रहा था। जैसे ही दोनों मोठार गांव की पुलिया के पास पहुंचे, दो लोगों ने उन्हें रोक लिया। पुरानी दुश्मनी के चलते आरोपियों ने युवक के हाथ और पैर में छुरे मार दिए। वहीं, उनके साथ मौजूद चार अन्य लोगों ने लाठियों से हमला कर स्थिति और गंभीर बना दी। हमले के बाद घायल युवक और उसका साथी किसी तरह मोटरसाइकिल से भागते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ाकोटा पहुंचे। वहां मौजूद लोगों ने तत्काल इलाज की व्यवस्था कराई और पुलिस को सूचना दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के दौरान डॉक्टरों ने गंभीर घायल युवक को सागर रेफर कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही गढ़ाकोटा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि पीड़ित के बयान के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने हमले में शामिल सभी नामजद आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।



## 51 फीट चुनरी यात्रा निकाली, शामिल हुए भार्गव

**गढ़ाकोटा।** नवरात्रि पर नगर में 51 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई जो खेर माता मंदिर पाठक मार्केट से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुई किले वाली माता को समर्पित की गई। चुनरी यात्रा में पूर्व मंत्री एवं विधायक पं.गोपाल भार्गव, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, वरुण सोनी, समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## रावण दहन कार्यक्रम में नहीं जाएंगी महापौर निगमायुक्त लगातार कर रहे अपमानित



**सागर।** नगर निगम सागर की महापौर संगीता तिवारी ने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री पर उन्हें अपमानित करने के आरोप लगाये हैं। नगर निगम द्वारा कराये जा रहे रावण दहन कार्यक्रम के कार्ड में उनका नाम 5वें नंबर पर आने के बाद मीडिया के सवालों के जवाब में यह प्रतिक्रिया उन्होंने दी। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ किसी के कहने पर या जानबूझकर निगमायुक्त षड़यंत्र रच रहे हैं। मुख्यमंत्री के पद्माकर सभागार में हुए कार्यक्रम में जानबूझकर मुझसे उनका स्वागत नहीं कराया गया। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के हितग्राहियों के चेक वितरण कार्यक्रम में मुझे बुलाकर पूरे 40 मिनट तक इंतजार कराया और स्वयं बहुत देर से आये। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 30 सितंबर को म्युनिसिपल स्कूल में निगम द्वारा लगाये गये वोकल फॉर लोकल मेला में जब मैं पहुंची तो वहां न वे स्वयं आये न निगम के किसी अधिकारी को आने दिया। कार्ड में मेरा नाम कहां है, किस नंबर पर है, उससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं सागर नगर की साढ़े 3 लाख जनता की सेवा के लिए हर संघर्ष करने तैयार हूँ। मुझे मेरे पार्षदों एवं कर्मचारियों ने ही अवगत कराया है कि दशहरा के कार्यक्रम में मुझे अपमानित करने षड़यंत्र रचा जा रहा है। ऐसे में सबने सलाह दी है कि मैं वहां न जाऊं। यह किसके इशारे पर किया जा रहा है और क्यों? यह हर कोई जानता है। यहां के पूरे घटनाक्रमों को लेकर शासन और संगठन को अवगत करा दिया है। निगमायुक्त और उनके पीछे से यह खेल करा रहे लोग चाहे कितनी भी साजिश कर लें। नगर के विकास के लिए मैं पूरी ताकत के साथ डटकर खड़ी रहूंगी।

## छोटे तालाब का होगा कायाकल्प: विधायक जैन ने 7.5 करोड़ की परियोजना का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



विधायक शैलेंद्र जैन ने छोटे तालाब में लगभग 7.5 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य की प्रगति का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि विधायक जैन के प्रयासों से स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत लाखा बंजारे झील (बड़े तालाब) का पुनर्निर्माण और आकर्षक काया कल्प किया गया था। इसके परिणाम स्वरूप झील के प्रति नागरिकों में आकर्षण और सम्मान दोनों बढ़ा है। अब इसी क्रम में झील के शेष भाग जिसे आमतौर पर छोटा तालाब कहा जाता है के जीर्णोद्धार हेतु विधायक जैन द्वारा राशि स्वीकृत कराई गई है।

छोटे तालाब में डी-सिल्टिंग, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य तेज़ी से चल रहा है। विधायक जैन ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत तालाब के चारों ओर आकर्षक पाथ-वे (पैदल मार्ग) का निर्माण किया जा रहा है, जिससे लोग झील के चारों ओर भ्रमण कर सकेंगे।

बच्चों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए लगभग 1.5 किलोमीटर लंबा टॉय ट्रेन ट्रैक बनाया जा रहा है। इस पर चलने वाली टॉय ट्रेन अटल पार्क के अंदर से होकर गुजरेगी, जिससे यह शहरवासियों और बच्चों के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनेगी।

तालाब की सुंदरता बढ़ाने के लिए इसके दोनों छोर पर दो आकर्षक प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं। राजस्थानी पैटर्न पर लाल पत्थर की 11 छतरियां और 31 स्तंभ निर्मित किए जा रहे हैं, जो छोटे तालाब की भव्यता को नई पहचान देंगे। इसके अलावा नौकायन के लिए 3 घाट भी बनाए जा रहे हैं, ताकि नागरिक जलविहार का आनंद ले सकें।

विधायक जैन ने कहा कि यह परियोजना न केवल छोटे तालाब की ऐतिहासिक पहचान को पुन र्जीवित करेगी, बल्कि सागर शहर के लिए एक नया पर्यटन और मनोरंजन स्थल भी तैयार करेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए।

## नगर निगम द्वारा दशहरा महोत्सव के अवसर पर 2 अक्टूबर को पीटीसी ग्राउंड पर होगा 51 फुट के रावण के पुतले का दहन

**सागर।** नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 2 अक्टूबर गुरुवार को मध्यप्रदेश शासन के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री मान.गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में मान. सांसद लता वानखेड़े, विधायक शैलेंद्र जैन,,महापौर संगीता सुशील तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार उपस्थित रहेंगे। सभी पार्षदगणों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सम्मानीय नागरिकों की उपस्थिति में पीटीसी ग्राउंड पर शाम 6 बजे से राधे - राधे संकीर्तन मंडल द्वारा भजनों एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी, उसके बाद शाम 7 बजे भव्य आतिशबाजी के साथ 51 फुट के रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने दशहरा महोत्सव पर सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों अलग-अलग दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पुलिस व्यवस्था,प्रकाश व्यवस्था, टेंट व्यवस्था, मंच व्यवस्था, फ्लेक्स, चूना लाईन, सुरक्षा हेतु बैरिकेटिंग कराने, कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई कराने एवं पानी की व्यवस्था के लिए कार्यक्रम स्थल पर टेंकर रखवाने के निर्देश दिए हैं।

## विगत 15 दिवस में 16 मरीजों को रक्त सेवा हेल्प लाइन सेंटर के माध्यम से नि:शुल्क रक्त मिला

**सागर।** मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह द्वारा सागर स्थित कार्यालय में संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से सितंबर माह के दूसरे पखवाड़े में 16 गरीब जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह की पहल पर सागर जिले के बीपीएल कार्ड धारक गरीब जरूरतमंदों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराने के लिए 2 जून को हेल्पलाइन सेंटर आरंभ किया गया था। इस निःशुल्क सेवा के माध्यम से मरीजों को शीघ्रता से रक्त उपलब्ध कराने की हर संभव कोशिश की जाती है। पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष आयोजित हुए चार दिवसीय रक्तदान शिविर में लगभग 1600 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 14 हजार से अधिक यूनिट रक्तदान हुआ है। रक्त उपलब्ध कराने के सेवा प्रकल्प को पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने अपने जीवन के प्रमुख उद्देश्यों में शामिल किया है। इसी उद्देश्य को गति देने भूपेन्द्र सिंह ने अपने सागर स्थित कार्यालय में रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर शुरू किया गया है। इस हेल्पलाइन सेंटर का मोबाइल नंबर 9228035418 है। भूपेन्द्र सिंह का कहना है कि यह हेल्पलाइन सेंटर चौबीस घंटे चालू रहेगा। इसकी सहायता से निः शुल्क ब्लड लेने के लिए लैंडलाइन नंबर 262688 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इमरजेंसी में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के स्वयं के मोबाइल नंबर 9425171211 पर भी काल, वाट्सएप या एसएमएस किया जा सकता है।

## रजाखेड़ी बजरिया में होगा आज 61 फुट विशाल रावण के पुतले का दहन

**सागर।** मकरोनिया में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विजयदशमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया जायेगा। रजाखेड़ी-बजरिया में 61 फुट रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी है। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के लिए भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी के द्वारा आमंत्रण पत्र भेजे गये है। दशहरा पर्व को आकर्षक बनाने के कार्यक्रम में प्रसिद्ध आर्केस्ट्रा कलाकारों द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आकर्षक आतिशबाजी, क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से आए अखाड़ा दल का ओजमय प्रदर्शन होगा। राम जानकी झांकी पर्व का प्रमुख केंद्र होगें। नरयावली विधायक इंजी.प्रदीप लारिया ने इस भव्य आयोजन में नागरिकों से सपरिवार एवं बड़ी संख्या में पधारने आमंत्रित किया है। आयोजन का शुभारंभ शाम 6 बजे से होगा।

### रंगों और कला की भाषा में गूंजा राष्ट्र निर्माण का संदेश

# विकसित भारत 2047 के संकल्प के साथ विवि में सेवा पर्व का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के ललितकला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग में 30 सितंबर 2025 को 'सेवा पर्व - विकसित भारत के रंग, कला के संग' विषय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा देशभर में आयोजित सेवा पर्व अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को जन-जन तक पहुंचाना और नागरिक सहभागिता के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में कला की भूमिका को रेखांकित करना था।




कार्यक्रम का शुभारंभ कौटिल्य भवन, ललितकला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग, वैली कैंपस में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पंकज तिवारी एवं प्रख्यात कला निर्देशक, और विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री ज्योति सिंह, समसामयिक चित्रकार, उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक संकाय प्रमुख एवं विभागाध्यक्ष डॉ. बलवंत सिंह भदौरिया थे।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मां सरस्वती, महात्मा गांधी एवं डॉ. हरीसिंह गौर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ राकेश सोनी, डॉ. सुप्रभा दास, अल्ताफ मुलानी ,कार्यक्रम के संयोजक डॉ. नीरज उपाध्याय एवं आकाश मालवीय उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय के कुलपति (प्रभारी) प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर ने ललितकला एवं प्रदर्शन कारी कला विभाग को कार्यक्रम आयोजन की बधाई एवं शुभकामना देते हुए अपने संदेश में कहा कि डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सदैव राष्ट्र निर्माण और सामाजिक उत्थान की दिशा में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। सेवा पर्व का यह आयोजन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कला और संस्कृति हमारे राष्ट्रीय गौरव की धरोहर हैं और ये ही समाज में स्वच्छता, सेवाभाव, नागरिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों को स्थापित करने का सशक्त माध्यम बन सकती हैं। हमारा विश्वविद्यालय युवा पीढ़ी को न केवल शिक्षित करने का कार्य करता है, बल्कि उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदार बनाने का भी संकल्प लेता है।

कार्यक्रम की प्रथम गतिविधि के रूप में रंगमंच के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें रंगमंच के विशेषज्ञ देव वृष अहिरवार, सुश्री प्रिया गोस्वामी एवं दीपेंद्र सिंह लोधी ने नुक्कड़ नाटक की बारीकियों पर प्रशिक्षण दिया। उनके निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा नामक एक प्रभाव शाली नुक्कड़ नाटक तैयार किया गया, जिसका मंचन विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थानों पर किया गया। इस नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से स्वच्छता के महत्व, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी के संदेश को अत्यंत सहज और प्रभावी तरीके से प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अपने सजीव अभिनय और ऊर्जावान प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया और इस बात पर बल दिया कि स्वच्छ भारत निर्माण ही विकसित भारत की पहली सीढ़ी है।



## बीएमसी में मेडिकल टीचर्स डे मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के सभागार में एक अक्टूबर को बुंदेलखंड के सपूत स्वर्गीय डॉ भगवानदीन चौरसिया की जन्म जयंती पर मेडिकल टीचर्स डे मनाया गया. डा बीडी चौरसिया का जन्म छतरपुर के बारीगढ़ गांव में हुआ था ,एक अत्यंत सामान्य कृषक परिवार से निकल कर एनाटॉमी विषय के विश्वविख्यात लेखक बनने का सफर बहुत प्रेरणादायक था।

उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि डीन डॉ पीएस ठाकुर ने बताया कि अच्छा शिक्षक होना बहुत बड़ी बात है जो कि शिक्षक के ज्ञान से ज्यादा उसके ज्ञान को ट्रांसफर करने की विधा पर निर्भर करता है. डा चौरसिया के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के बाद मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ सर्वेश जैन ने उनका संक्षिप्त जीवन परिचय दिया और बताया कि उनकी किताब के पहले विदेशी लेखकों की बहुत क्लिष्ट भाषा में किताबें उपलब्ध थी जिसकी वजह से विद्यार्थियों ,और ज्यादातर हिंदी माध्यम से पढ़े विद्यार्थी को एनाटॉमी विषय समझ नहीं आता था. लेकिन डॉ चौरसिया ने चार वॉल्यूम में सामान्य अंग्रेजी और रेखाचित्रों वाली किताब लिख कर सभी गैर अंग्रेजी भाषी देशों में लोकप्रियता प्राप्त करी.कार्यक्रम की अध्यक्षता अधीक्षक डा राजेश जैन ने कर।

विशिष्ट अतिथि के तौर पर उप अधीक्षक डॉ एसपी सिंह उपस्थित थे. अंत में सचिव डा अखिलेश रत्नाकर ने आगंतुकों को धन्यवाद प्रेषित करते हुए आभार प्रकट किया।

## कुड़याला स्कूल मिला शिक्षक विहीन, मध्याह्न भोजन वितरण भी नहीं

# अचानक निरीक्षण में कलेक्टर श्रोत्रिय के सामने आई गंभीर लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने गुरुवार को प्राथमिक शाला कुड़याला का औचक निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान जो तस्वीर सामने आई, वह देखकर कलेक्टर श्रोत्रिय भी हक्के बक्के रह गये। कुड़याला स्कूल में निरिक्षण के दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय के सामने शिक्षा व्यवस्था की गंभीर लापरवाही उजागर होकर सामने आ खड़ी हुई। जिसे देखकर कलेक्टर श्रोत्रिय ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारी को चेतावनी देते हुए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

कलेक्टर के निरिक्षण के दौरान कुड़याला विद्यालय में न तो शिक्षक मौजूद थे और न ही बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन तैयार किया गया था। बच्चों की पढ़ाई और पोषण से जुड़ी इस दोहरी गंभीर अनियमितता को देखकर कलेक्टर श्रोत्रिय ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को चेतावनी देते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अनियमितताओं को देख कलेक्टर श्रोत्रिय ने विद्यालय की साफ-सफाई, उपस्थिति रजिस्टर और अन्य व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने साफ कहा कि बच्चों के भविष्य और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी परिस्थिति में जिम्मेदार अधिकारियों और शिक्षकों की लापरवाही पर कठोर कदम उठाए जाएंगे। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि सरकारी स्कूल में सरकार द्वारा देश के भविष्य बच्चो को उत्तम व नियमित शिक्षा के साथ साथ शारीरिक पोषण के लिये मध्यान्ह भोजन के लिये योजना चलाई जा रही है लेकिन कुड़याला स्कूल में इन दोनों ही स्तरों पर गंभीर लापरवाही बरती जा रही है। जो कि बर्दास्त योग्य नहीं है। ऐसे लापरवाह शिक्षकों व समूह पर तत्काल कार्यवाही की जाए अन्यथा संबंधित अधिकारी के बिरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।




# अनियंत्रित होकर पलटी बस, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में गांव घूरा- पाली के बीच बुधवार को तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गनीमत रही कि बस में कोई यात्री सवार नही था। नही तो बड़ा हादसा हो जाता। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के कारण मार्ग पर आवागमन भी कम था। प्राप्त जानकारी के अनुसार एमपी 16 पी 0294 स्टार कंपनी की बस मगरई गांव से घूरा-पाली रोड होते हुए छतरपुर जा रही थी। इसी बीच तेज रफ्तार बस अचानक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गई। दशहरा पर्व एवं देवी प्रतिमाओं का विसर्जन होने के कारण सड़क पर जहां आवागमन काम था, वही बस के अंदर ड्राइवर, कंडक्टर एवं क्लीनर के अलावा कोई भी यात्री सवार नहीं था। इस घटना में किसी को भी चोटें नहीं आई है। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को घटना की जानकारी दी गई है।




## मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ का सदस्यता अभियान 1 अक्टूबर से शुरू

# प्रांताध्यक्ष भदौरिया के नेतृत्व में पत्रकारों का सुरक्षा कवच श्रमजीवी: सद्दाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा



मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ की सदस्यता की शुरुआत 1 अक्टूबर बुधवार से शुरु हो गई है। प्रांताध्यक्ष शलभ भदौरिया के आदेशानुसार एवं जिला अध्यक्ष के दिए गए निर्देश के अनुसार अक्टूबर माह में सदस्य अभियान जारी रखा जाए। साथ ही सदस्यों को नई सदस्यता ग्रहण करने के लिए अन्य पत्रकारों से मोबाइल पर कॉल कर संपर्क भी किया जाना है। साथ ही वर्तमान सदस्यता का नवीनीकरण भी करवाना है। पलेरा नगर इकाई के अध्यक्ष पवन संज्ञा एवं सद्दाम राईन ने बताया कि सदस्यता अभियान की शुरुआत पलेरा में 1 अक्टूबर को दोपहर 11 बजे से तहसील अध्यक्ष सुरेंद्र त्रिपाठी जिला संयुक्त सचिव की उपस्थिति में प्रारंभ की जा चुकी है। श्रमजीवी पत्रकार संघ की पलेरा शाखा से सद्दाम राइन ने बताया कि संगठन का विस्तार करने के लिये क्षेत्र व तहसील के पत्रकारो को संगठन से जोड़ने के लिये उन्हें सदस्यता दिलाई जायेगी। साथ ही पूर्व सदस्यों को अपनी सदस्यता का नवीनीकरण भी कराना होगा। श्रमजीवी पत्रकार संघ की पलेरा शाखा से सद्दाम राइन ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रांत अध्यक्ष सुलभ भदौरिया के नेतृत्व में मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ हमेशा से पत्रकारों की सुरक्षा व हक की लड़ाई सक्रियता से लड़ रहा है। जिसमें पीड़ित पत्रकार के अधिकारों का हनन होने पर शासन प्रशासन तक पीड़ित पत्रकार की आबाज बुलंदी के साथ पहुंचाकर पत्रकार की हर संभव सहायता की जाती है। सद्दाम राइन ने कहा कि श्रमजीवी पत्रकार संगठन कभी भी पीड़ित पत्रकारों की मदद करने में पीछे नहीं रहा है। क्योंकि श्रमजीवी पत्रकार संगठन के प्रांताध्यक्ष सुलभ भदौरिया का कहना है कि जो संगठन पत्रकारों के हक की आबाज को बुलंदी से न उठा पाए बो संगठन पत्रकार संगठन कहलाने लायक ही नहीं। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार सत्येंद्र प्रकाश खरे, बालचंद शुक्ला, मनीष कंथारिया, सूरज लोधी, गोपाल नायक, मोहम्मद ख्वाजा, छोटू खान ,अमित कुमार,उपस्थित रहे।



# नवरात्रि के पावन पर्व पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**रामजी ग्रुप बड़ागांव के भजनों ने बांधा समां**

**पलेरा।** नगर के छोटा बस स्टैंड के पास खरया परिवार के विनायक प्लाजा स्थल पर शारदीय नवरात्र पर्व के मौके पर रामजी ग्रुप बड़ागांव के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों द्वारा बालाजी महाराज के चित्र का आकर्षक श्रंगार किया गया। संगीतमय सुंदरकांड पाठ के आयोजन मे नगर के अनेक धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पाठ के समापन के बाद शानदार भजनों की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात बालाजी महाराज की आरती व महाप्रसाद के वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर विजय खरया ने कहा कि कलियुग में भगवान श्री राम का नाम लेने से ही मनुष्य भवसागर पार हो सकता है। उन्होंने कहा कि प्रभु नाम के स्मरण मात्र से ही समस्त पाप कट जाते है। डॉ रामनारायण खरया ने कहा कि सुंदरकांड बजरंगबली की अराधना है। इसके पाठ करने से बजरंगबली प्रसन्न होते हैं। विश्व के कल्याण की भावना से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सौरभ खरया, आशीष खरया, प्रशांत सेन, हेमंत नामदेव, जगदीश राय, डिंपल सेठ, अभिषेक रेजा, जगदीश गुप्ता समेत कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भीड़ में बिछड़े नाबालिग बच्चों, जरुरतमंद बुजुर्गों की बनी मददगार

# मंदिर में आये श्रद्धालुओं के लिए सहयोगी और सुरक्षा कवच बनी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



नवरात्रि के दौरान प्रशिद्ध बगाज माता मंदिर में लगने बाले मेले और दुर्गा अष्टमी के दिन होने बाली हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के दौरान पुलिस अपनी पुलिसिंग के साथ साथ जनता के लिये सुरक्षा कवच बनकर उनकी जरूरत अनुसार मदद करती हुई दिखाई दी। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिला पुलिस ने पुलिस कार्य के साथ-साथ मानवता और सेवा सहयोग का संवेदनशील परिचय दिया। पुलिस का ये सहयोगात्मक रूप देखकर जनता भी पुलिस की प्रशंसा किये बिना न रह सकी।

बगाज माता मंदिर मेले में पुलिस ने संवेदना और सहयोग का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिलेभर में संचालित हेल्पिंग हैंड अभियान आमजन की सुरक्षा के साथ-साथ मानवीय सहयोग और सेवा के प्रतीक के रूप में संचालित किया जा रहा है। एसपी मंडलोई ने बताया कि इस अभियान का मूल उद्देश्य पुलिस की छवि को केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित न रखते हुए, समाज में अपनापन और विश्वास की भावना को सुदृढ़ करने का प्रयास करना है। इसी श्रृंखला में 30 सितंबर को थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत बगाज माता मंदिर पर आयोजित नवरात्रि मेले में पुलिस टीम ने अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। पुलिसकर्मियों ने मेले में आए श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा कवच बनने के साथ-साथ मानवता और सेवा का संवेदनशील परिचय भी दिया। जिसमें मंदिर की ऊँची सीढ़ियाँ चढ़ने में असहाय बुजुर्ग श्रद्धालुओं को सीढ़ी चढ़ने में सहयोग प्रदान किया गया। उमस व गर्मी को देखते हुए आगंतुकों को शीतल जल उपलब्ध कराया गया। भीड़-भाड़ में गुम हुए नाबालिग बच्चों को सुरक्षित खोजकर उनके परिजनों से मिलवाया गया। इस पहल ने श्रद्धालुओं के बीच आत्मीयता और भरोसे का वातावरण निर्मित किया। आमजन ने पुलिस की इस मानवीय भूमिका की सराहना करते हुए इसे वास्तव में सुरक्षा और सेवा का संगम बताया। जनता ने कहा कि पुलिस अधीक्षक मंडलोई के इस अभिनव प्रयास से पुलिस और समाज के बीच सहयोग एवं विश्वास का सेतु और अधिक मजबूत होगा।

# श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर किया नौ दिवसीय व्रत अनुष्ठान

## दुर्गा पंडालों में यज्ञ अनुष्ठान कर दशहरा के चल समारोह की तैयारियां हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





नवरात्रि की नवमी तिथि पर हवन-पूजन के कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपने नौ दिवसीय व्रत अनुष्ठान का समापन किया। इसके साथ ही दुर्गा पंडालो में यज्ञ अनुष्ठान कर दशहरा के चल समारोह की तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। 22 सितंबर से चल रहे नवरात्र पर्व के अंतिम दिन दुर्गा पंडालों में यज्ञ अनुष्ठान आयोजित किए गए। पंडित सुरेंद्र मोहन द्विवेदी ने बताया कि नवमी तिथि के साथ ही 10 दिवसीय नवरात्र महोत्सव का समापन हो गया। नौ दिनों से व्रत रख रहे श्रद्धालुओं ने यज्ञ, अनुष्ठान और जवारे देखकर अपना उपवास तोड़ा। दोपहर 3 बजे से विभिन्न दुर्गा पंडालों में यज्ञ अनुष्ठान के कार्यक्रम शुरू हुए। मिश्रा चौराहे पर मां दुर्गा के साथ भगवान जगन्नाथ की झांकी सजाई गई थी, जहां शाम 4 बजे यज्ञ अनुष्ठान प्रारंभ किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि हवन-पूजन के बाद कन्या भोज और भंडारे काआयोजन किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि देवी प्रतिमाओं का विसर्जन 2 अक्टूबर को होगा। दशहरा चल समारोह समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर को रात 8 बजे नजरबाग मैदान में रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। इसके बाद शहर में दुर्गा प्रतिमाओं का चल समारोह निकाला जाएगा। शहर के महेंद्र सागर तालाब स्थित विसर्जन कुंड में देर रात तक प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। एसडीएम संस्कृति लिटोरिया ने बताया कि विसर्जन कुंड पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था की गई है और चारों ओर रोशनी का प्रबंध भी किया गया है।

# जेब में रखे मोबाइल में लगी आग, बाहर निकालते ही फटा

## जांघ पर फोड़े बने और उंगलियां झुलसीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मंगलवार को मोबाइल धमाके का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। व्यापारी आकाश जैन की जेब में रखा वीवो कंपनी का मोबाइल अचानक गर्म हुआ और उसमें से धुआं निकलने लगा। आकाश ने तुरंत मोबाइल बाहर रखा, तभी धमाके के साथ मोबाइल फट गया।

आकाश की पेंट की जेब जल गई और उनकी जांघ पर फोड़े पड़ गए। मोबाइल निकालने की कोशिश में उनकी उंगलियां भी झुलस गईं। अचानक हुए धमाके से मौके पर मौजूद लोग घबरा गए। मोबाइल पूरी तरह से जलकर छार-छार हो गया। मोबाइल फटने की इस घटना के बाद लोगों में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंपनियों की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। आम लोग हजारों रुपए खर्च कर मोबाइल खरीदते हैं, लेकिन अगर वही जानलेवा साबित हो जाए तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

**ग्राम कारी में देर रात दबिश, सात आरोपी गिरफ्तार, 12 हजार से अधिक की राशि जब्त**

# पुलिस ने जुआ फड़ पर धावा बोलकर की बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में पुलिस लगातार सख्त कदम उठा रही है। इसी कड़ी में देहात थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जुआ खेल रहे सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी भी जप्त की है। यह कार्यवाही मुखविर की सूचना पर की गई। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन एबं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी देहात चंद्रजीत यादव अपनी टीम के साथ रात्रि लगभग साढ़े 10 बजे ग्राम कारी पहुंचे। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दबिश देते हुए देहात पुलिस ने मौके पर ही जुआ खेल रहे सात लोगों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान कुल 12 हजार 300 रुपये की नकदी बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रवि पाल कारी, देशराज तखा, बली मोहम्मद कारी, रवि कचेरे कारी, राजा हसगोरा, राजू हसगोरा और दीपक कारी शामिल हैं। सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव के साथ प्रधान आरक्षक सतीश शर्मा, आरक्षक मनोज नायक, अरबाज अली, मुकेश उपाध्याय, नीलेश, जितेंद्र, नीरज, रवि रजक और मनोज अहिरवार ने विशेष भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। पुलिस ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध गतिविधियां संचालित होती दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## टीकमगढ़ बुढेरा मार्ग पर सुरक्षित आवागमन के लिए पुलिस की पहल

# यातायात व्यवस्था के लिए झाड़ियों पर चली जेसीबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन और नेतृत्व में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुरक्षित बनाने के लिए भिन्न भिन्न प्रकार के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुगम यातायात व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन समय-समय पर विभिन्न कार्यवाही करता आ रहा है। इसी के तहत यातायात पुलिस द्वारा टीकमगढ़ बुड़ेरा मार्ग पर सार्थक कदम उठाये गये।

यातायात थाना प्रभारी रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल ने पुलिस टीम के सहयोग से टीकमगढ़ व बुढेरा मुख्य मार्ग के किनारे वारिश के चलते उगी हुई घनी घास और झाड़ झंखाड़ को जेसीबी मशीन के द्वारा हटवाया गया। इस सुधारात्मक कार्य से मार्ग की दृश्यता बेहतर हुई है, जिससे वाहन चालकों को सड़क पर साफ साफ दिखाई दे और झाड़ियों में मौजूद कोई जानवर अचानक सामने आने की परिस्थिति न बने। जिससे संभावित दुर्घटनाओं की आशंका न्यूनतम होगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह पहल जिले में सुरक्षित, व्यवस्थित और निर्बाध यातायात व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा में सहयोग प्रदान करें। जिससे दुर्घटनाओ और दुर्घटना में होने बाली जनहानियों को रोका जा सके। पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करने से वाहन चालक की स्वयं की और परिवारजनो के जीवन की रक्षा व सुरक्षा की जा सकती है। साथ ही दूसरे वाहन चालको की भी सुरक्षा बनी रहेगी।

## दो विभागों के बीच अटका मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा गार्डों का वेतन

# डीन बोले कहां से दें वेतन, बजट नहीं सीएमएचओ ने कहा डीन ही देंगे वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर के मेडिकल कॉलेज का संचालन अब शुरू हो गया है, लेकिन यहां सुरक्षा का जिम्मा संभाल रहे सुरक्षा गार्डों को चार महीने से वेतन ही नहीं मिला है। उनका वेतन मेडिकल कॉलेज और सीएमएचओ कार्यालय के बीच उलझ गया है। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अनिल अग्रवाल का कहना है कि हमारे पास फंड ही नहीं है, हम सुरक्षा गार्डों के वेतन की व्यवस्था कहां से करें। वैसे इन सुरक्षा गार्डों को सीएमएचओ कार्यालय स्तर से रखा गया है, इसलिए सीएमएचओ ही इनके वेतन की व्यवस्था करेंगे। उधर सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार ने कहा कि हमने हमारे स्तर से होने वाली कार्रवाई कर दी है, इसलिए सुरक्षा गार्डों को वेतन की उपलब्धता मेडिकल कॉलेज के डीन ही करवाएंगे।

चार महीने से वेतन न मिलने से परेशान बने मेडिकल कॉलेज श्योपुर के सुरक्षा गार्डों ने वेतन की समस्या जनसुनवाई में पहुंचकर कलेक्टर अर्पित वर्मा को भी बता दी है। कलेक्टर श्योपुर को दिए आवेदन में मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा गार्डो ने बताया कि एक जून 2025 से मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा सुपरवाइजर समेत 15 सुरक्षा गार्ड नियमित रूप से ड्यूटी देते हुए सुरक्षा का जिम्मा संभाले हुए हैं। सुरक्षा गार्डो का कहना है कि वे मेडिकल कॉलेज की नोडल अधिकारी को अपनी नियमित रूप से उपस्थिति भी दर्ज करा रहे हैं, उन्हें ड्यूटी करते हुए 30 सितंबर को पूरे चार महिने हो गए है, लेकिन उन्हें वेतन एक माह का भी नहीं मिल सका है। जिसकारण आर्थिक तंगी के दौर से गुजरना पड रहा है। दीपावली जैसा बडा त्यौहार नजदीक आ रहा है और ऐसे में बिना वेतन हमारा यह त्यौहार कैसे मनेगा।



### वेतन न मिलने से परेशान एक सुरक्षा गार्ड छोड़ गया नौकरी

मेडिकल कॉलेज श्योपुर में तैनात सुरक्षा गार्डों की माने तो वे एक जून से काम कर रहे हैं, लेकिन उन्हें चार महीने बीतने के बाद भी अभी तक एक माह का भी वेतन नहीं मिल सका है। जिसकारण सुरक्षा गार्डों के घरों पर वेतन के अभाव में गंभीर आर्थिक संकट व्याप्त हो गया है। वेतन न मिलने से परेशान बने मेडिकल कॉलेज के सुरक्षा गार्डों में से एक गार्ड तो यह बात कहते हुए नौकरी छोड़कर चला गया कि बिना वेतन आखिर कब तक काम करें और कब तक घर परिवार की गाड़ी चलाने के लिए दुकानों से उधार सामान लेकर आएं। जब वेतन की समस्या का समाधान हो जाएगा तो वे फिर से ड्यूटी करने के लिए मेडिकल कॉलेज श्योपुर में पहुंच जाएंगे।

### डीन ही करेंगे वेतन की व्यवस्था,हमने अपनी कार्रवाई कर दी : सिकरवार

इस मामले में सीएमएचओ डॉ डीएस सिकरवार का कहना है कि हमने शासन के आदेश के पालन में मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा गार्डों की उपलब्धता कराने संबंधी कार्रवाई कर दी है और इनका वेतन भी मेडिकल कॉलेज से ही दिया जाएगा, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई कर दी गई है। इसलिए डीन ही सुरक्षा गार्डो के वेतन की व्यवस्था करेंगे।

### हमारे पास बजट ही नहीं, कहां से करें वेतन की व्यवस्था : अग्रवाल

श्योपुर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ अनिल अग्रवाल का इस संबंध में कहना है कि हमारे पास कोई बजट नहीं है। ऐसे में हम सुरक्षा गार्डों के वेतन की व्यवस्था कहां से करें। वैसे सुरक्षा गार्डों की तैनाती सीएमएचओ कार्यालय स्तर से हुई है, इसलिए वेतन की व्यवस्था भी सीएमएचओ श्योपुर को करनी चाहिए।

## नई उम्मीदों के साथ खुला कूनो पार्क, पहले दिन 12 पर्यटकों ने किया भ्रमण

# नारियल फोड़कर खोले कूनो के गेट, माला पहनाकर पर्यटकों को कराया पार्क में प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

नए पर्यटन सीजन में नई उम्मीदों के साथ बुधवार को पर्यटकों के लिए फिर से कूनो नेशनल पार्क के दरवाजे खोल दिए गए। पर्यटकों के लिए पार्क के तीनो गेट खोल दिए गए है। गेट खोलने से पहले इन्हें आकर्षक तरीके से सजाया गया और फिर नारियल फोड़ा गया और फिर पर्यटकों का तिलक और माला पहनाकर स्वागत करते हुए उनका कूनो नेशनल पार्क में प्रवेश कराया। पहले दिन 12 पर्यटकों ने कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण किया।

तीन महीने से बंद बने श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क के दरवाजे पर्यटकों के लिए एक अक्टूबर बुधवार को खोल दिए गए है। अब पर्यटक कूनो पार्क का भ्रमण कर सकते है। पहले दिन 12 पर्यटकों ने टिकटोली गेट से कूनो नेशनल पार्क में प्रवेश किया,जहां गेट पर पर्यटकों का मौजूद कूनो अमले ने तिलक लगाकर और माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद पर्यटकों ने तीन जिप्सी गाडियों से कूनो पार्क की सैर की। हालांकि कूनो पार्क के अहेरा और पीपलवाडी गेट को भी खोल दिया गया है। लेकिन पहले दिन इन दोनो गेटों से कूनो पार्क का भ्रमण करने के लिए कोई पर्यटक नहीं पहुंचा है। वैसे कूनो पार्क प्रबंधन ने टिकटौली गेट की तरह इन दोनो गेटों को भी पर्यटको के स्वागत के लिए सजाया गया था।

### पर्यटकों के लिए कूनो पार्क में बढ़ेंगी जिप्सी गाड़ियां

फिलहाल पर्यटकों को कूनो नेशनल पार्क का भ्रमण कराने के लिए कूनो पार्क प्रबंधन के द्वारा 5 जिप्सी गाडियां अधिकृत की गई है। लेकिन आगामी दिनों में कूनो पार्क प्रबंधन इन जिप्सी गाड़ियों की संख्या और बढ़ाएगा। ताकि पर्यटकों को कूनो पार्क का भ्रमण करने के लिए किसी तरह की कोई असुविधा न हो सके। इसके लिए कूनो पार्क प्रबंधन की ओर से तैयारियां की जा रही है। बताया गया है कि 5 जिप्सी और लगाई जाएगी। इसके लिए जिप्सी मालिक विधिवत रूप से कूनो कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं।

### इनका कहना..

पर्यटकों के भ्रमण के लिए कूनो नेशनल पार्क के तीनों गेट बुधवार से खोल दिए गए हैं। पहले दिन 12 पर्यटको के द्वारा कूनो पार्क का भ्रमण किया गया है। उम्मीद है कि आगामी दिनों में कूनो पार्क का भ्रमण करने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी।

**आर थिरूकुलर**
**डीएफओ, कूनो श्योपुर**

# त्यौहार नजदीक आते ही शहर में निकलना भी हो जाता है मुश्किल

**गाहे बगाहे चिन्हित दुकानदारों पर कार्रवाई कर इतिश्री कर लेती है नपा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर में अस्थाई तौर पर अतिक्रमण कर बनाए गए बाजार बड़ी समस्या बन चुके हैं। शहर के सभी बाजारों में मुख्य सड़क किनारे दुकानदारों द्वारा खुद अतिक्रमण कर यातायात व्यवस्था को ओर अधिक पेचीदा बना देते हैं। इसके चलते यातायात व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो रही है। त्योहार का सीजन शुरू होने के कारण इन बाजारों में भीड़ इतनी अधिक बढ़ गई है कि राहगीरों का पैदल चलना भी दूभर हो गया है। आए दिन जाम के हालात बन रहे हैं, नगरपालिका परिषद भी इस मामले में राजनीतिक दखल और मिलीभगत के चलते कार्रवाई करने से बचती दिखाई पड़ रही हैं। जिस नगर पालिका परिषद पर अतिक्रमण हटाने की जिम्मेदारी है वह अतिक्रमण हटाने के नाम पर गाहे बगाहे चिन्हित दुकानदारों या व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्रवाई की इतिश्री जरूर कर लेती है।

शहर के बाजारों में सुबह दिन चढ़ने के साथ सड़कें सिकुड़ना शुरू हो जाती हैं। दोपहर दो बजे के बाद मैन बाजार, चूड़ी बाजार, सब्जी मंडी रोड, गणेश बाजार से निकलना भी मुश्किल हो जाता है। दुकानदार सड़क के दोनों ओर सामान रख कब्जा कर लेते हैं। फिर बचता है आवागमन के लिए सिर्फ बीच का सकरा रास्ता, वो भी इतना कम कि राहगीरों को बार-बार जाम की समस्या से दो-चार होना पड़ता है। इन दिनों बाजारों में दशहरा और दीपावली को खरीददारी शुरू हो चुकी है ऐसी स्थिति में गांवों से आने वाले खरीददारों के कारण बाजार में भीड़ तो लग ही रही है साथ ही बाजारों में हॉकर्स जॉन की संख्या में भी अचानक कई गुना वृद्धि हो गई है जिससे जो समस्या को ओर अधिक बढ़ाने का काम कर रही है।



### एक दुकानदार का अतिक्रमण हटाकर की कर्तव्य से इतिश्री

बुधवार को नगर पालिका परिषद के मदाखलत अमले ने बड़ौदा रोड से अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई की लेकिन यह अतिक्रमण सिर्फ एक चिन्हित दुकानदार तक सीमित रहा। जिसके चलते नगर पालिका की नगरपालिका की अतिक्रमण विरोधी मुहिम पर प्रश्न चिन्ह लग रहा है। लोगों का कहना है कि अतिक्रमण तो पूरा बड़ौदा रोड पर है सिर्फ फिर सिर्फ एक चिन्हित दुकानदार का अतिक्रमण क्यों हटाया गया क्या और जगह सड़कों तक अपनी दुकानों को पसारने की स्वीकृति दुकानकारो ने नगर पालिका से ली हुई है या जाति देखकर अतिक्रमण हटाया जा रहा है क्योंकि जिस जाति (दलित) के दुकानदार की दुकान के आगे अतिक्रमण हटाने की कारवाई की गई है उस क्षेत्र में उसकी जाति की इकलौती दुकान है।

### इनका कहना..

बड़ौदा रोड पेट्रोल पंप के पास कबाड़ी की दुकान करने वाले दुकानदार ने अपना कबाड़ा सड़क पर फैलाया हुआ था जिसकी शिकायत दुकानदारों से मिलने के बाद कार्रवाई की गई है। त्यौहार का सीजन है लोगों का आवागमन में परेशानी हो रही है इसलिए फौरी तौर पर उक्त अतिक्रमण हटाया गया है दशहरे के बाद नियमित रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

# श्योपुर की अंबेडकर बस्ती और बडौदा नगर में आज निकलेगा पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस साल अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इसी क्रमी में 2 अक्टूबर से लेकर 12 अक्टूबर तक पथ संचलन निकाले जाएंगे। श्योपुर की अंबेडकर बस्ती और बडौदा कस्बे में 2 अक्टूबर गुरूवार को पथ संचलन निकाले जाएंगे। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

संकल्प संघ कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार शहर श्योपुर में बस्ती बार पथ संचलन निकाले जाएंगे। इस क्रम में 2 अक्टूबर को अंबेडकर बस्ती का पथ संचलन निकाला जाएगा। इसके लिए सुबह 8 बजे इस बस्ती के स्वयंसेवकों का पूर्णगणवेश में एकत्रीकरण वार्ड क्रमांक 15 स्थित पार्क में किया जाएगा,जहां बौद्धिक कार्यक्रम के बाद पथ संचलन निकाला जाएगा। उधर बडौदा कस्बे में पथ संचलन निकाले जाने के लिए गुरूवार को सुबह 9 बजे स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण मंडी प्रांगण में होगा। इसके बाद यहां से पथ संचलन शुरू होगा, जो पूरे बडौदा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगा।

### समाजसेवी हाफ़िज फहीमुद्दीन का निधन



श्योपुर। फर्नीचर व्यवसायी एवं समाजसेवी हाफिज फहीमुद्दीन का बुधवार की सुबह निधन हो गया। करीब 80 वर्षीय फहीमुद्दीन धार्मिक और सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए थे। नेशनल फर्नीचर सर्विस के माध्यम से अपना व्यवसाय करने वाले फहीमुद्दीन कुछ सालों से व्यवसाय की जिम्मेदारी अपने पुत्रों पर छोड़ सिर्फ समाज सेवा में ही तल्लीन थे उन्होंने वक्फ़ इंतजामिया कमेटी जमातखाना को मैरिज गार्डन के रूप में परिवर्तित करने के काम में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। जमातखाना से जुड़ी मस्जिद में वह हमेशा मुख्य जिम्मेदार की हैसियत से जुड़े रहे। उन्हें बुधवार की दोपहर करीब 3 बजे पाली रोड स्थित मकबरे वाले कब्रिस्तान में बाद नमाज जनाजा के सुपुर्द ए खाक किया गया।

### त्रिवेणी संगम पर 'राम तीर्थ' घाट का प्रस्ताव भेजा

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रामेश्वर त्रिवेणी संगम पर 'राम तीर्थ' घाट निर्माण के लिए मध्यप्रदेश शासन पर्यटन संस्कृति तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला को प्रस्ताव भेजा है। बता दें कि ग्राम मानपुर के समीप स्थित रामेश्वर त्रिवेणी संगम की मान्यता एक तीर्थ के रूप में है। यहाँ राजस्थान एवं म.प्र. से बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम में पवित्र स्नान करने एवं दर्शनार्थ आते है। यहा चम्बल, बनास एवं सीप नदी का संगम है।

## तहसीलदार बोलीं जमीन सरकारी, जिस पर अतिक्रमण हटाकर शुरू करवाया निर्माण

# बडौदा में निजी भूमि पर जबरदस्ती आंगनबाड़ी भवन बनाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बडौदा कस्बे के वार्ड क्रमांक 11 कटेला कुआं क्षेत्र में स्थित निजी जमीन पर नगर परिषद की मिलीभगत के चलते प्रशासन के द्वारा जबरन आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जा रहा है। यह आरोप बडौदा निवासी बाबूलाल सुमन और रामस्वरूप सुमन सहित अन्य कई स्थानीय लोगों ने लगाते हुए आंगनबाड़ी भवन के निर्माण को रोके जाने की मांग उठाई है। उधर तहसीलदार मनीषा मिश्रा का कहना है कि उक्त जमीन सरकारी है, इसलिए उक्त जमीन को आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए आवंटित किया गया है।

बडौदा निवासी बाबूलाल सुमन और रामस्वरूप सुमन ने इस मामले की शिकायत कलेक्टर से करते हुए बताया है कि उक्त जमीन पर उनका वैध कब्जा है। उसकी नियमित राजस्व अदायगी भी की जा रही है। उनका आरोप है कि उक्त जमीन पर नगर परिषद की मिलीभगत के चलते जबरदस्ती आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए उन्हें बिना कोई सूचना दिए उनकी जमीन पर बनी तारफेसिंग को हटाकर जल्दबाजी में आंगनबाड़ी का निर्माण शुरू कर दिया गया है। जबकि उक्त जमीन पर जलभराव की समस्या रहती है, ऐसे में यहां आंगनबाड़ी भवन बनने पर बारिश के दिनों में उसके डूब जाने की आशंका रहेगी। उनका यह भी आरोप है कि यहां कुछ चहेते लोगों को अवैध रूप से रास्ता देने की कोशिश भी प्रशासन की ओर से की जा रही है।

### भूमि सरकारी

उक्त जमीन सरकारी है, जिसे 6 महीने पहले ही आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए चिन्हित कर लिया गया था। इसलिए अतिक्रमण हटाकर वहां आंगनबाड़ी भवन का निर्माण शुरू करवाया गया है। यह वही सरकारी जमीन है, जहां पहले बिना प्रशासन की अनुमति के पेड़ों की कटाई कर दी गई थी।

**मनीषा मिश्रा**
**तहसीलदार, बडौदा**

## रघुनाथपुर क्षेत्र में पुलिस और फोरेस्ट विभाग की टीम ने मिलकर अंजाम दी कार्रवाई

# डंप करके रखी 10 लाख रुपए कीमत की 250 ट्रॉली चंबल नदी की रेत जेसीबी चलाकर मिट्टी में मिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

रेत माफियाओं पर नकेल कसने के लिए रघुनाथपुर के टर्राकलां क्षेत्र में अवैध तरीके से डंप करके रखी गई चंबल नदी की करीब 250 ट्रॉली रेत को रघुनाथपुर थाना पुलिस और वन विभाग की टीम ने मिलकर जेसीबी के जरिए मिट्टी में मिलाकर नष्ट कर दिया। नष्ट की गई इस रेत की कीमत करीब 10 लाख रूपए आंकी जा रही है। बडी संख्या में पुलिस फोर्स होने के चलते रेत माफिया इस कार्रवाई का विरोध करने की हिम्मत भी नहीं जुटा पाए।

रघुनाथपुर थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि पकोडियां सहराने में रेत माफियाओं के द्वारा चंबल नदी से निकालकर बडी मात्रा में रेत को डंप करके रखा गया है। इस सूचना पर पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन और रेंज आफिसर वीरपुर दीपक शर्मा तथा उनकी टीम के साथ मिलकर पकोडियां के सहराने में दबिश दी गई। यहां करीब 250 ट्रॉली रेत सरकारी जगह पर डंप करके रखी हुई मिली। इसके बाद इस रेत को जेसीबी के जरिए मिट्टी में मिलाकर नष्ट कर दिया गया।



## शारदीय नवरात्रि पर्व का हुआ समापन, आज मनेगा विजयादशमी पर्व

# घर-घर हुए कन्याभोज, आज चल समारोह के साथ होगा माता प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बुधवार को नवमी के चलते घर-घर में कन्याभोज आयोजित हुए। लोगों ने कन्याभोज कराने के लिए सुबह से ही उन घरों पर बुलावा भेज दिया जहां पर कन्याएं थी। जगह जगह कन्याभोज आयोजित होने की वजह से लोगों को भोज कराने के लिए कन्या नही मिल रही थी ऐसे लोग रास्ते में भोज कर जा रही कन्याओं की मान मुनब्बल कर उन्हें भोज के लिए घर लाते देखे गए।

नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर्व पर भक्तों का रेला देवी मंदिरों से लेकर पूजा पंडालों में उमड़ता रहा। सुबह से शुरू हुआ हवन-पूजन का दौर शाम तक चलता रहा। नवरात्र महोत्सव के दौरान शहर के गांधी पार्क,छारबाग, चंबल कॉलोनी, पडित पाड़ा, जोशी मोहल्ला, कॉलेज के सामने, मुक्तिनादनगर, आनंद नगर, वार्ड क्रमांक 10, गुलमोहर कॉलोनी, बजाज नगर, सलापुरा आदि स्थानो मां के दरबारों में नवमी पर कन्या भोज कराए गए। नवमी को मां के दर्शनों के लिए देर रात तक मां के दरबारों में दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही। इसके साथही शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन हो गया। गुरूवार को विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा, इस अवसर पर देवी प्रतिमाओं को सुसज्जित वाहन में विराजित कर विसर्जन के लिए चल समारोह के साथ विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा।



### विजयपुर में हुआ माता प्रतिमाओं का विसर्जन

विजयपुर। विजयपुर में शारदीय नवरात्रि पर्व के नवें दिन बुधवार को चल समारोह के साथ देवी प्रतिमाओं का विर्सजन किया गया। नगर में निकाले गए चल समारोह से नगर का माहौल धर्ममय हो गया। चल समारोह में देवी के भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आतिशबाजी और रंग गुलाल उड़ाते पुरुष-महिलाएं और युवा भक्तिगीतों की मस्तीभरी धुनों पर झूमते-नाचते चल रहे थे। महिलाओं ने मां के भजनों पर नृत्य किया। वहीं कई भक्तों ने आरती उतारकर चल समारोह का स्वागत किया। देवी प्रतिमाओं के विसर्जन से पूर्व मां भगवती के दरबार में मंगलवार की रात हवन पूजन और सुबह कन्याभोज आयोजित किए गए।

### आज मनेगा दशहरा, 52 फीट का रावण तो 45 फीट का होगा मेघनाद

श्योपुर में इस साल 49 वां दहशरा उत्सव मनाया जाएगा। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विजयादशमी उत्सव समारोह समिति श्योपुर के द्वारा दी जानकारी के अनुसार हर साल की भांति इस साल भी विजयादशमी उत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। भगवान श्री राम की यह शोभायात्रा शहर के टोडी गणेश बाजार स्थित भगवान श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरू होगी। शोभायात्रा में हजारों लोग उपस्थित होकर भगवान श्रीराम के जयघोष लगाते हैं। शोभायात्रा में राम और रावण की सेना की चलित झांकी भी खासा आकर्षण का केन्द्र होगी। शोभायात्रा का शहर में जगह-जगह स्वागत होगा। यह शोभायात्रा श्री रामतलाई हनुमान मंदिर होते हुए मेला मैदान में पहुंचेगी। जहां रावण दहन होगा। इस बार रावण का पुतला 52 फीट और मेघनाद का पुतला 45 फीट ऊंचा होगा। विजयदशमी उत्सव समारोह में कलेक्टर अर्पित वर्मा मुख्य अतिथि तथा एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल, विधायक बाबू जण्डेल, नगर पालिका अध्यक्ष रेनु सुजीत गर्ग विशिष्ट अतिथि होंगे। रावण दहन को देखने के लिए बडी संख्या में लोग उमडेगे।उधर पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई है।

# गरीबों के लिए खोला निःशुल्क शॉपिंग सेंटर बंद, नगर पालिका ने हटाई नेकी की दीवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जो आपके पास ज्यादा है वो यहां रख जाए और जो आपके पास नहीं हैं वो यहां से ले जाए। इस स्लोगन की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से 6 साल पहले (वर्ष 2019 में) शुरु किए गए नेकी की दीवार के कार्यक्रम का श्योपुर जिले में दी एंड कर दिया गया है। हालांकि सरकार की ओर से इसे बंद करने का निर्णय नहीं लिया है लेकिन अपने ऊपर बोझ बन चुकी श्योपुर नगरपालिका ने इस पर फुल स्टॉप लगा दिया है। कोतवाली के नीचे स्थापित इस सेवा संस्थान में गरीबों के लिए शहर वासियों द्वारा दान स्वरूप रखे गए कपड़ों को नगर पालिका परिषद के अमले ने बुधवार को ट्रॉलियों में भरवाकर टचिंग ग्राउंड में फिंकवा दिया ओर इसी के साथ 6 साल पुराने गरीबों का निःशुल्क शॉपिंग सेंटर बंद कर दिया गया।

2019 में शुरू हुआ गरीबों का निःशुल्क शॉपिंग सेंटर (नेकी की दीवार) कुछ समय तक तो सहीं चला, लेकिन धीरे धीरे शासन प्रशासन के साथ लोगों की रुचि भी इसमें नहीं रही। नेकी की दीवार के नाम पर नगरपालिका द्वारा बनाए गए स्टैंड पर लोगों ने अपने वह कपड़े और जूते इत्यादि रखने शुरु किए जो पहनने हुए तो थे, लेकिन इतने पुराने नहीं थे जिसे दोबारा इस्तेमाल न किया जाए। ऐसे कपड़े जूते इत्यादि को जरुरतमंद उठाकर अपने उपयोग में लेने लगे। बाद में इस स्टॉल पर उपयोगी के बजाए अनुपयोगी सामान अधिक आने लगा जिससे यह स्टॉल अनुपयोगी हो गया। इस मामले सीएमओ आरआर यादव का कहना है कि शांति समिति में कलेक्टर से मिले निर्देश की पालना में नेकी की दीवार को हटाया गया है अब इसे दोबारा से स्थापित करने की कोई प्लानिंग नहीं है।




### शांति समिति की बैठक में लिया बंद करने का फैसला

बीते दिनों एडीएम रूपेश उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में नेकी की दीवार का मुद्दा भी सामने आया था। लोगों ने इसे कचरा घर बताकर हालत में सुधार करने अथवा हटाने की मांग की थी पुलिस ने भी इसे हटाकर कोतवाली क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त बनाने की सलाह प्रशासन को दी थी तब शांति समिति की अध्यक्षता कर रहे एडीएम रूपेश उपाध्याय ने नगर पालिका को उक्त नेकी की दीवार हटाने के निर्देश दिए थे।



### नवरात्रि महोत्सव समापन से पूर्व प्रतिमा विसर्जन कुंड का निरीक्षण

**अशोकनगर।** शहर में सजे मां शेरा बाली जगदंबे के पांडालों में विराजी प्रतिमाओं का विसर्जन प्रतिवर्ष अनुसार स्थानीय तुलसी सरोवर स्थित कुंड में किया जाएगा। सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने माँ दुर्गा जी के विसर्जन घाट का निरीक्षण एवं समीक्षा की। न.पा अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि नवरात्रि महोत्सव के दौरान नगर में विभिन्न स्थानों पर भव्य झांकियाँ स्थापित की गई हैं, जिनमें बड़ी-बड़ी प्रतिमाएँ भी शामिल हैं। इन सभी प्रतिमाओं का विसर्जन सुचारु एवं सुरक्षित रूप से नगर पालिका द्वारा निर्मित विसर्जन कुंड में कराया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष ने संबंधित विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि विसर्जन के समय श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा संपूर्ण व्यवस्था सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित रूप से संपन्न हो। इस मौक़े पर सी एम ओ विनोद उन्नीतान, नगर पालिका सब इंजीनियर भानु कुशवाहा, न.पा सब इंजीनियर कपिल रघुवंशी, बाबा शिवहरे सहित अन्य लोग उपस्थित रहें।

### इस बार आर्कषक आतिशबाजी भी आर्कषण का केन्द्र रहेगी

# 55 का रावण, 25 का होगा कुंभकरण और 15 फीट के मेघनाथ का फूंका जाएगा पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दशहरा पर इस बार भी रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। दशहरा उत्सव समिति द्वारा इस आयोजन की बड़े पैमाने पर तैयारी की जा रही है। आयोजकों का कहना है कि इस बार पुतलों को नया लुक दिया गया है और आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन दशहरा पर पर देखने मिलेगा।

दशहरा उत्सव समिति की ओर से अध्यक्ष डॉ जयमंडल यादव सहसचिव तेजेंदिन्दर खुराना और हरवीर सिंह रघुवंशी ने बताया कि अशोकनगर में दशहरा उत्सव की शानदार परंपरा रही है। इस बार भी इस परंपरा के चलते रावण कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जाएगा। इन पुतलों के निर्माण का काम पूरा हो गया है आयोजन स्थल पर इस बार व्यापक तैयारियां की गई है। रावण के पुतले को 50 फीट के स्थान पर 55 फीट का बनाया गया है तथा पुतले को गोल्डन कलर दिया गया है। इसी प्रकार कुंभकरण के पुतले को 25 फुट का बनाया जा रहा है तथा उसे सिल्वर कलर दिया गया है तथा मेघनाथ का 15 फुट का पुतला बनाया जा रहा है जिसे पिंक कलर दिया गया है। इन तीनों पुतलों के निर्माण के साथ आयोजन स्थल पर आकर्षक आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। इस बार दूधिया और रंगीन रोशनी के नजारे इस दशहरा मैदान पर देखने मिलेंगे। उन्होंने कहा कि करीला मेले के बाद यह शहर का सबसे बड़ा आयोजन है। यहां बड़ी संख्या में शहर और गांव के लोग शामिल होते हैं इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि होंगे।








पुतला निर्माण कर रहे चुन्नीलाल माहौर के छोटे पुत्र महावर ने बताया कि इस बार इन पुत्रों को निर्माण का ठेका दिया गया है। यह पुतले एक लाख रुपए की लागत से तैयार किया जा रहे हैं जिसमें उनकी मजदूरी भी शामिल है। सामान भी उन्हीं को लाकर इस्तेमाल करना पड़ रहा है पूरे 1 महीने से वह और उनका एक साथी इस काम में लगा है उन्हें समान और मजदूरी के रूप में एक लाख रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। यह परिवार वर्षों से पुतलों का निर्माण कर रहा है। 40 वर्ष तक उनके पिता चुन्नीलाल माहौर पुतलों का निर्माण करते थे। 5 साल तक उनके भाई के द्वारा पुतलों का निर्माण किया गया और अब उसके द्वारा यह पुतलों का निर्माण किया जा रहा है।

अशोकनगर में दशहरा पर्व के लिए कोई स्थान नहीं है इस कारण दशहरा पर रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले मोहरी के स्टेडियम में गल्ला मंडी के समीप दशहरा पर्व के रूप में इनका दहन किया जाता है। अशोकनगर में सबसे पहले पेंटर बब्बन के द्वारा पुतलों का निर्माण किया जाता था और पृथ्वीराज गुडलक के द्वारा इन पुतलों के दहन की परंपरा शुरू की गई थी। जो लगभग 80 वर्ष से अधिक पुरानी परंपरा है। बब्बन के द्वारा ही चुन्नीलाल माहौर को यह पुतले बनाने की प्रक्रिया बताई गई थी तब से ही यह पुतलों का निर्माण किया जाता है, दशहरा मैदान पर होने वाली अव्यवस्थाओं को भी ध्यान में रखना होगा।

#### नपा अध्यक्ष ने दशहरा मैदान का निरीक्षण किया



दशहरा मैदान पर 2 अक्टूबर को होने वाले आयोजन और भीड़ की अधिकता हो देखते हुए व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए अधिकारी पहले ही पहुंच चुके थे। नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने समिति के पदाधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।



### शीतलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया

**मुंगावली।** शीतलनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक श्रद्धालुओं ने मंगलवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। भगवान को निर्वाण लाडू समर्पित किए गए। सुबह से ही नगर के सभी जिनालयों पर प्रभु का अभिषेक, शांतिधारा के साथ विशेष पूजन की गई ओर शीतलनाथ भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। नगर के शीतलनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में सामूहिक रूप से भगवान का महा मस्तकाभिषेक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के सभी जिनालयों के पुजारी शामिल हुए। यह आयोजन नगर गौरव ब्रह्मचारी मोनू भैया के मंगल निर्देशन में आयोजित किया गया। प्रथम शांतिधारा करने का सौभाग्य सुनील कुमार सुकांत सराफ को मिला तो वहीं दूसरी ओर देवेंद्र कुमार ब्रह्मचारी मोनू भैया चैधरी को मिला। इस मौके पर बड़े ही उत्साह के साथ जैन श्रद्धालुओं द्वारा शीतलनाथ भगवान का विधान का आयोजन भी किया ओर सभी श्रद्धालुओं ने प्रभु चरणों में अर्घ समर्पित किए नगर के स्टेशन रोड स्थित श्री चंद्र प्रभु जिनालय पर भी निर्वाण लाडू समर्पित किए गए।

### माधवराव के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला

# 24वीं पुण्यतिथि पर माधवराव सिंधिया को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत की राजनीति में सुचिता के प्रतीक रहे कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की 24वी पुण्यतिथि पर अशोकनगर, मुंगावली और चंदेरी में श्रद्धा पूर्वक याद किया गया। उनके स्मारक पर पुष्प मालाए अर्पित की गईं। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया।

#### अशोकनगर में पुष्प मालाएं अर्पित की गईं

स्थानीय तुलसी सरोवर पार्क में कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की 24वी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया उनके स्मारक पर पुष्प मालाएं अर्पित की गईं और उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनका स्मरण किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक जजपाल सिंह, सांसद प्रतिनिधि हरिओम नायक, नंदलाल यादव, उपेन्द्र पाराशर, योगेश खैरा, दिग्विजय रघुवंशी, धर्मेन्द्र रघुवंशी सलिल त्रिपाठी आदि मौजूद थे।

#### चंदेरी में उनके योगदान को सराहा गया

चन्देरी नगर में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. माधवराव सिंधिया की 24वीं पुण्यतिथि पर समर्थकों ने नया बस स्टैंड स्थित प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान समर्थकों ने क्षेत्र के लिए उनके योगदान को याद किया और श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रतिमा स्थल पर शराब की बोतलें और कचरा देखकर समर्थक नाराज नजर आए। सिंधिया समर्थकों का कहना है कि शहर में इस अवसर पर कोई बड़ा कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया, जो पहले भी एक मुद्दा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर प्रतिमा के आसपास शराब की बोतलें और बिखरा कचरा देखकर समर्थकों ने नाराजगी जताई और स्थल की सफाई की मांग की। उन्होंने बताया कि स्व. सिंधिया ने क्षेत्र के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है, उनकी अनदेखी करना हर तरह से गलत है। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व सांसद प्रतिनिधि शरद शाद, राहुल शेषा, बाहुबली उर्फ डाले जैन, नगर पालिका अध्यक्ष दशरथ कोली, अशोक लालमणि, जगन्नाथ सिंह पीपल, बबलू राजा चैहान, रामकिशोर पटेरिया सहित अन्य समर्थक मौजूद रहे। वहीं बाद में भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक तिवारी भी वहां पहुंचे और श्रद्धांजली अर्पित की।





#### मुंगावली में माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धासुमन किए अर्पित

**मुंगावली।** मंगलवार को नगर परिषद प्रांगण में स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर याद किया।इस अवसर पर विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वर्गीय माधवराव सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। विधायक यादव ने कहा कि माधवराव सिंधिया भारतीय राजनीति के करिश्माई व्यक्तित्व थे। वे सदैव जनसेवा और विकास कार्यों को प्राथमिकता देते थे। उनके द्वारा स्थापित आदर्श और कार्यशैली आज भी जनप्रतिनिधियों को प्रेरणा देती है। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज के हर वर्ग के लिए विकासोन्मुखी कार्य किए और जन-जन के नेता के रूप में अमिट छाप छोड़ी। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी स्वर्गीय सिंधिया को याद करते हुए कहा कि वे न केवल एक लोकप्रिय नेता थे बल्कि समाज के लिए समर्पित व्यक्तित्व भी थे। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में नगर परिषद प्रांगण में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया इस मौके पर इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनीष मोदी,भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक पालीवाल, भाजपा जिला महामंत्री नरेश ग्वाल,मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह परिहार, सासंद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र सिंह दांगी,मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे,महामंत्री अविनाश यादव,सत्यजीत सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राम के जयकारों के साथ सेना ने किया समुद्र पार

# विभीषण शरणागति की लीला के बाद राम जी ने की रामेश्वरम की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

श्री गया प्रसाद कलाकार मंडल की रामलीला स्थानीय रामलीला मंच सुभाष गंज में चल रही है जिसमें सर्वप्रथम भगवान गणेश जी की, रामायण जी की आरती, इसके बाद राम जी की आरती की गई। जिसके बाद अर्धनारीश्वर का मंचन दिखा गया औ रामजी की सैना समुद्र पार करते हुए दिखाई गयी।

लीला के प्रथम दृश्य में शिव शक्ति आराधना का बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें भगवान शिव और शक्ति की उत्पत्ति के साथ काली मां की उत्पत्ति का सवांद किया गया। जिसे लोगों ने खूब सराहा। लीला में रावण दरबार लगाया गया जिसमें विभीषण जी ने रावण को समझाया लेकिन विभीषण के बार-बार समझाने पर न समझते हुए रावण ने विभीषण को लात मार कर निकाल दिया। दुखी होकर विभीषण श्री राम के पास आए। राम जी ने उनको अपना लिया और लंका का राजा घोषित कर दिया। फिर पीछे रावण ने अपने दो दूत भेजें जो बानर का रूप रखकर वानर सेना में भर्ती हो गए। फिर दोनों को पकड़ लिया गया और वानर भालू दोनों के नाक कान काटने लगे। दोनों ने सभी को राम जी की सौगंध दी तब वह बचे। लक्ष्मण जी को उन पर दया आ गई और उन्होंने दोनों दूतो को बानरों से और चिट्ठी लिखकर के उनको दी।



लीला में सेतु बांध रामेश्वरम का सीन दिखाया गया। जिसमें राम जी ने रामेश्वरम की स्थापना की फिर समुद्र पार करने का बहुत ही सुंदर सीन दिखाया गया, जिसमें सारी सेना समुद्र पार आ गई। समुद्र पार के साथ ही लीला को विराम दिया गया। लीला में कलाकारों को जीवंत करने का का कार्य उनके मेकअप से होता है लीला में कलाकारों का मेकअप श्री राम नारायण शर्मा मुकेश सोनी सौरभ सिंघई अमित चंदेल व अभिषेक शर्मा करते हैं आरती कर्ताओं का धन्यवाद लीला के उपाध्यक्ष प्रमोद जैन व कोषाध्यक्ष गोविंद गुप्ता ने किया। लीला में बहुत ही सुंदर गीतों की प्रस्तुति संगीत निर्देशक उपेंद्र पाराशर व राकेश पाठक द्वारा दी गई लीला में रामायण जी का वाचन कथा वाचक चंद्र मोहन जी मिश्रा द्वारा किया गया लीला में उद्घोषक के कार्य को प्रिंस सिंघई सचिव ब जगदीश अवस्थी बहुत ही अच्छे तरीके से निभा रहे हैं। राम आर्यन शर्मा, लक्ष्मण सुमित श्रीवास्तव, सीता अभिषेक शर्मा, हनुमान सत्येंद्र रघुवंशी, रावण प्रदीप शर्मा, विभीषण वीर सिंह जाट, मेघनाथ राज नारायण शर्मा, सुख किशन नामदेव सारंग रामकुमार शर्मा शिव शक्ति के डांस में आलोक शर्मा निक्की सिंघई बहुत ही सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

### 24 घंटे के अंदर नाबालिग बालिका को किया दस्तयाब

**अशोकनगर।** 29 सितम्बर को सौहपुर चक निवासी फरियादी द्वारा थाना नईसराय पर आकर रिपोर्ट की गई कि फरियादी की 16 वर्षीय नाबालिक बहन घर से बिना बताए कहीं चली गई है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना नईसराय में अपराध क्रमांक 168/25 धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी नईसरांय को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। 30 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी चंदेरी शैलेन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नईसरांय उनि. पुनीत दीक्षित द्वारा नईसरांय पुलिस की टीम गठित कर रवाना किया। टीम द्वारा मात्र 24 घंटे के अंदर अपहृता को नाहरगढ़ जिला बारां राजस्थान से दस्तयाब कर लिया है।


### आध्यात्मिक संत मुनि सुधासागर महाराज ने राष्ट्रीय विद्वान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा...

# देश की आजादी के लिए सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का योगदान रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने अशोकनगर में राष्ट्रीय विद्वान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि भाषा कोई भी हो सकती है उद्देश्य एक होना चाहिए और सब को समझ में आना चाहिए। कभी सुभाष चंद्र बोस की तो कभी महात्मा गांधी की भाषा को प्रधानता दी गई। योगदान तो सभी का रहा ऐसे ही अखिल भारतीय विव्दत परिषद को भी सभी की भाषाओ की जरूरत पड़ती रहती है। विव्दत परिषद का प्रत्येक सदस्य ये संकल्प लें कि जितने शास्त्र है उन सभी को मैं एक बार तो पड़ूंगा चाहें समझ में आये या न आये पड़ना ही चाहिए।

उन्होंने कहा कि आप विद्वान की श्रेणी में आ रहें हैं तो आप सभी शास्त्रों को पड़ने का संकल्प लें। ऐसी बात नहीं है यदि आप संकल्प के साथ आगे बढ़ते हैं तो सफलता भी मिलेगी और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि मात्र संकल्प लेने से ही क्षमताओं में विकास होता चला जाता है। आज सबसे ज्यादा विक्रत हो रही है विवाह पद्धति। पहले गरीब से गरीब के घर के दरवाजे पर ही लगती थी बारात चाहे वह टूटी झोपड़ी में ही क्यों न जाना पड़े। आज तो भगवान ही मालिक है कहा बारात चढ़ रही हैं बेटी वाले का एक सम्मान होता था और समाज के पंच पहुंच कर सब कुछ अपने सामने करवाते थे।







#### सामाजिक मर्यादाओं व वंधनो की ओर विद्वानों को ध्यान दिलाना होगा: राष्ट्रीय अध्यक्ष

इस दौरान विद्वत परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के विभाग अध्यक्ष अशोक लाडनूं ने कहा कि समाजिक सुधार के लिए हमें समाज को सामाजिक मर्यादाओं व वंधनो की ओर ध्यान दिलाना होगा। हमें विवाह पद्धति की ओर ध्यान देना होगा आज जिस तरह से समाज में विवाह होटलों रिसोर्स में हो रहे हैं चाहे वो महिला संगीत हो या अन्य आयोजन सभी में मर्यादाओं को तार तार किया जा रहा है। परम पूज्य श्रमण शिरोमणि मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने चक्रवर्ती विवाह की प्रेरणा हम सब को दी है ये समाज को सही दिशा में ले जाने की ओर एक कदम है। इसके साथ ही विद्वत जनो को ज्ञान के क्षेत्र में बहुत काम करने की आवश्यकता है।

**विव्दत परिषद के आलेखो का ग्रन्थ के रूप में होगा प्रकाशन** इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य श्रमण शिरोमणि मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी के सभी आलेखों का श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी अशोक नगर द्वारा ग्रन्थ के रूप में प्रकाशित किया जाएगा इस हेतु सभी लेखों को संगोष्ठी संयोजक डॉ सुरेन्द्र भारती ने जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री विजय धुर्रा मंत्री शैलेन्द्र श्रागर निर्मल मिर्ची विपिन सिंघई सहित पंचायत कमेटी को सौंपा गया। कमेटी द्वारा परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी को आलेख भेंट किए गए। विद्वानों का तिलक श्री फल के साथ किया जैन समाज ने सम्मानित।

#### विद्वत सम्मेलन में देशभर के मनीषी हुए शामिल

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य अखिल भारतीय विद्वत सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। राष्ट्रीय अधिवेशन में जैन दर्शन के प्रकांड विद्वानो की उपस्थिति से हमारा जिला गौरवान्वित हो रहा है। पुण्यर्जक परिवार अशोक गांधी मनोज स्वराज परिवार ज्ञानेन्द्र गदिया सूरज संजय पटवारी बिजोलिया जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल,महामंत्री राकेश, अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, उपाध्यक्ष अजित बरोदिया, प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री, शैलेन्द्र श्रागर मंत्री, विजय धुर्रा मंत्री, संजीव भारल्लिय मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार, आडिटर सजंय के टी थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास सहित प्रमुखजनो ने विव्दानो का तिलक मालाओं के साथ स्वागत किया।

#### विक्रतियों से बचने के लिए ही तो चक्रवर्ती विवाह की प्रेरणा दी है

इन विक्रतीयो से बचने के लिए ही तो चक्रवर्ती विवाह की प्रेरणा दी। चक्रवर्ती विवाह में सबसे पहले मन्दिर में जाकर भगवान के समाने वरपक्ष अभिषेक करें और दुल्हा अपनी मंगेतर को गंधोदक प्रदान कर हवन के साथ वर वधू सात फेरे अग्नि की साक्षी पूर्वक ले। फिर देखो परिणाम अपने आप अच्छा आयेगा शास्त्रों में आचार्यो ने लिखा है तो सच होगा कहना भर है एक को भी समझ में आ गया तो शुरूआत तो होगी हमें तो मंगल पांडे की तरह आवाज उठाना है। चाहे फिर आजादी को सौ साल लग गए तो कोई बात नहीं। मंगल पांडे आवाज नहीं उठाता तो क्या आजादी मिल पाती किसी को तो आवाज उठानी ही है।